नईदुनिया

भोपाल, 8 नवम्बर 2026

दीपावली और छठ पूजा की तैयारियों में जुटा निगम, 54 घाटों पर होंगी विशेष व्यवस्थाएं

महापौर मालती राय और निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने दिए निर्देश, पटाखा बाजारों में तैनात रहेंगे दमकल वाहन



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः दीपावली, गोवर्धन पूजा और छठ पूजा के मद्देनजर नगर निगम ने शहर में साफ-सफाई, सुरक्षा और नागरिक सुविधाओं की तैयारियां तेज कर दी हैं। महापौर मालती राय और निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

महापौर और निगम आयुक्त ने मंदिरों के सामने चूने से आकर्षक रंगोली बनाने, साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिए हैं। गोवर्धन पूजा के अवसर पर 9 नवंबर को सुबह शाहजहांनाबाद स्थित कांजी हाउस में आयोजन किया जाएगा।

पटाखा बाजारों में सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। 9, 10 और 11 नवंबर को बाजारों में दमकल वाहन और कर्मचारियों की तैनाती रहेगी। आपात स्थिति से निपटने के लिए एक दमकल वाहन, दो पानी के टैंकर और एक सीवेज टैंकर भी उपलब्ध रहेंगे। वहीं, 15 और 16 नवंबर को छठ पूजा के अवसर पर शहर के 54 घाटों पर विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी।

यहां साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी, पेयजल, सार्वजनिक शौचालय, पार्किंग और महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। निगम अधिकारियों को पूजा से पहले सभी आवश्यक कार्य पूरे करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी न हो।

महापौर और निगम अध्यक्ष ने शहरवासियों को दी दीपावली की शुभकामनाएँ

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः महापौर मालती राय और नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने दीपावली के पावन पर्व पर शहरवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता आसिफ जकी, महापौर परिषद के सदस्यों, पार्षदों और एल्डरमैन ने भी नागरिकों को दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। महापौर परिषद के सदस्यों में राजेश हिंगोरानी, रविंद्र यती, मनोज राठौर, जगदीश यादव, आरके सिंह बघेल, आनंद अग्रवाल, सुषमा बावीसा, जितेंद्र शुक्ला, अशोक वाणी और छाया ठाकुर शामिल हैं।इसी तरह पार्षदों में लक्ष्मण राजपूत, कुसुम चतुर्वेदी, करिश्मा विकास मीना, अशोक मारन, ज्योति यादव, प्रियंका अनिल मिश्रा, रेहाना सुल्तान, नाहिद सादबिन खालिद, सरोज हरिओम आसेरी, अनीता मेवालाल कनर्जी, देवेंद्र भार्गव, शीबा मसूद अली, शैलेष साहू, मोहम्मद सरवर, शीतल रवि वर्मा, राजू कुशवाह, वसीम उद्दीन, पूजा शर्मा, विनीता विकास सोनी, समर हुजूर, लईका रफीक कुरैशी, राजमनी उईके, वीनू मोनू सक्सेना और देवांशु कंसाना सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हैं। एल्डरमैन में श्याम विजयवर्गीय, महेश तिवारी, सुनील द्विवेदी, प्रदीप लोधी, लीलाधर यादव, प्रमोद पोलघंटारवार और विजय सिंह ने भी शुभकामनाएं दीं।

बागेश्वर धाम के समर्थन में प्रदर्शन, दिग्विजय और अखिलेश यादव के पुतले जलाए



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः बागेश्वर धाम मंडल एवं सकल सनातन समाज के सदस्यों ने शनिवार को दिग्विजय सिंह, अखिलेश यादव, दामोदर यादव और हर्षा रिझारिया के विरोध में प्रदर्शन कर पुतले जलाए। प्रदर्शन का नेतृत्व बागेश्वर धाम के समर्थक पंडित वृंदावन गर्ग ने किया।

भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राहुल राजपूत ने कहा कि दिग्विजय सिंह बागेश्वर धाम सरकार पर टिप्पणी कर रहे हैं, उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। सिंधी समाज के प्रतिनिधि कमल वीधानी ने अखिलेश यादव के बयान का विरोध करते हुए कहा कि उन्हें बागेश्वर धाम सरकार से माफी मांगनी चाहिए। ऐसा नहीं होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। गौ रक्षा उत्थान समिति के प्रमुख रवि पटेरिया ने दामोदर यादव से माफी मांगने की मांग की। कथावाचक रसिकदेव शास्त्री ने कहा कि संतों के प्रति अपमानजनक टिप्पणियां नहीं की जानी चाहिए।

यम दीपदान किया, लड्डू गोपाल को अर्पित की मथुरा से लाई गई पोशाक

दादाजी धाम में मनी नरक चतुर्दशी, दीपावली पर आज होगा गोपाल



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः रायसेन रोड के पटेल नगर स्थित श्री दादाजी धाम मंदिर में शनिवार को कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी अर्थात नरक चतुर्दशी एवं छोटी दीपावली का पर्व श्रद्धा,भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान यमराज एवं लड्डू गोपाल का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। विशेष रूप से मथुरा से लाए गए सुंदर वस्त्र एवं पोशाक भक्तों द्वारा भगवान को श्रद्धापूर्वक अर्पित किए गए।

मंदिर में विराजित लड्डू गोपाल को आकर्षक नीले रंग की सुनहरी किनारी वाली विशेष पोशाक अर्पित की गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से अपनी श्रद्धा एवं भक्ति प्रकट की। मंदिर के पुजारी राजेन्द्र पलिया द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजन कराया गया। वहीं मंदिर में विराजित श्री राधा-कृष्ण की मनमोहक प्रतिमाओं का भी विशेष श्रृंगार किया गया। रंग-बिरंगे पुष्पहार, सुंदर मुकुट और आकर्षक वस्त्रों से सुसज्जित भगवान के दिव्य स्वरूप ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। नरक चतुर्दशी पर अभ्यंग स्नान, यमराज के निमित्त दीपदान तथा भगवान श्रीकृष्ण के पूजन का विशेष धार्मिक महत्व है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध कर उसके अत्याचारों से हजारों लोगों को मुक्ति दिलाई थी। इसी विजय की स्मृति में नरक चतुर्दशी मनाई जाती है। यह पर्व अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की विजय का संदेश देता है। इस अवसर पर मंदिर में दीपदान एवं शांति पाठ के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया।

माता लक्ष्मी की विशेष आराधना होगी: अमावस्या के पावन अवसर पर रविवार को दीपावली का महापर्व उमंग के साथ मनाया जाएगा। श्री दादाजी धाम मंदिर में विराजे भगवान गणेश, माता महालक्ष्मी, भगवान कुबेर एवं भगवान लक्ष्मी-नारायण का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया जाएगा। इस अवसर पर गोपाल सहस्रनाम एवं श्री सूक्त पाठ का आयोजन होगा। वैदिक मंत्रों के साथ भगवान की आराधना कर परिवारों में सुख-समृद्धि, धन-धान्य, आरोग्य, खुशहाली एवं विश्व शांति की मंगलकामना की जाएगी। श्री दादाजी धाम मंदिर परिवार की ओर से समस्त श्रद्धालुओं, धर्मप्रेमियों एवं नगरवासियों को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख, शांति, आरोग्य, समृद्धि एवं मंगलमय खुशहाली की कामना की गई।



लाइफ लाइन स्कूल की शिक्षिकाओं को दिवाली पर दिए उपहार

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः लाइफ लाइन स्कूल की दोनों शाखाओं की शिक्षिकाओं को दीपावली के अवसर पर उपहार और बोनस वितरित किए गए। इस दौरान फुलझड़ियां जलाकर और मिठाई खिलाकर दीपावली मनाई गई तथा एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यक्रम में पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश रीझवानी और पूर्व पार्षद महेश खटवानी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्राचार्य किरण वाधवानी ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने दीपावली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी के सुख-समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जीआर वाधवानी सहित स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

आंगनबाड़ी के बच्चों के साथ मनाई दीपावली

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः बजरंग सेना समिति द्वारा दीपावली के अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को मिठाई और कार्यकर्ताओं को उपहार भेंट किए गए। समिति सदस्यों ने बच्चों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

भोपाल में निगम की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई, गुमठी और लोडिंग ऑटो जब्त



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नगर निगम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध चबूतरे, स्पीड ब्रेकर, दुकानों के बाहर रखा सामान, फुटपाथ पर लगी सब्जी की दुकानें और ठेले हटाए। इस दौरान एक गुमठी और एक खराब लोडिंग ऑटो जब्त किया गया।

निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने शनिवार को कोलार, निर्मलादेवी गेट, कटियार मार्केट, सीआई कॉलोनी, राजहर्ष कॉलोनी, ललिता नगर, बंजारी चौराहा, अयोध्या बायपास, जेके रोड, 1100 क्वार्टर, एमपी नगर, माता मंदिर, लिंक रोड, पॉलीटेक्निक चौराहा, बाणगंगा, वीआईपी रोड और लालघाटी सहित कई क्षेत्रों में कार्रवाई की।

सीआई कॉलोनी में अशोका होटल के पीछे अवैध रूप से बनाया गया स्पीड ब्रेकर हटाया गया। कोलार की राजहर्ष कॉलोनी में मकान के सामने बना अवैध चबूतरा तोड़ा गया। कटियार मार्केट में तीन दुकानों के सामने लगाए गए टेंट हटाए गए। इसके अलावा वीआईपी रोड से लालघाटी, पॉलीटेक्निक से बाणगंगा और एमपी नगर से 1100 क्वार्टर क्षेत्र में खंभों पर लगे बोर्ड हटाए गए। माता मंदिर के सामने टायर पंचर की दुकान के बाहर रखे टायर भी हटवाए गए। निगम अमले ने दुकानों के बाहर रखा सामान, फुटपाथ पर लगी दुकानें, ठेले, गुमठियां, काउंटर, बोर्ड, स्टूल, कुर्सियां और टेबल भी हटाए। निगम ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन, महापौर हेल्पलाइन और अन्य माध्यमों से मिली शिकायतों के निराकरण के साथ यह कार्रवाई नियमित रूप से जारी रहेगी।

पूज्य सिंधी पंचायत का दीपावली मिलन समारोह को



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों की बैठक अध्यक्ष माधु चांदवानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें दीपावली पर्व, साधारण सभा की बैठक और संत नगर की समस्याओं पर चर्चा की गई।

पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी ने नगरवासियों से दीपावली का पर्व भाईचारे और उमंग के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने आतिशबाजी खुले मैदान या मुख्य मार्ग पर करने और गलियों में पटाखे नहीं चलाने का आग्रह किया, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। साथ ही गरीब और असहाय लोगों के साथ भी दीपावली की खुशियां बांटने की अपील की।

पंचायत महासचिव राजकुमार वाधवानी ने बताया कि दीपावली मिलन एवं साधारण सभा की बैठक 19 नवंबर को शाम 6 बजे नवयुवक सभा भवन में आयोजित होगी। इसमें दीपावली की शुभकामनाओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और शहर की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी।

बैठक में ओमप्रकाश रीझवानी, गुलाब जेठानी, भरत आसवानी, हरीश मेहरचंदानी, जेठानंद मंगतानी, राकेश शेवानी, किशोर साधवानी, माधव पारदासानी, अमित राजानी और पुरुषोत्तम हरचंदानी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



